देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 42 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**आर्थिक मदद देना जारी रखेगा भारत



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 14 मई 2022



मौसम अधिकतम 37.0° न्यूनतम 25.0°

41243.38

2 पुतिन का पश्चिमी देशों पर कटाक्ष

7 जडेजा की जगह टीम में कोई नहीं ले सकता

# बिना पंजीकरण वाले यात्रियों को रोका जाए

## चारधाम व्यवस्था पर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों एवं सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम व्यवस्था सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि वीकेंड में श्रद्धालुओं के बढ़ने की सम्भावना है, जिसके लिए समुचित व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाएं। बिना पंजीकरण वाले यात्रियों को आगे जाने से रोका जाए साथ ही यात्रियों के रूकने के लिए उचित स्थानों पर टेंट सिटी का निर्माण किया जाए। यात्रियों को ऐसी जगहों पर रोका जाए, जहां उनके रुकने के लिए व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि ओवर चार्जिंग से प्रदेश की छवि खराब होती है, इसे रोकने के लिए यात्रा मार्गों में ओवर चार्जिंग को रोकने हेतु कठोर कदम भी उठाए जाएं, साथ ही, ऐसे व्यक्तियों पर चालान करने के साथ ही अरेस्ट भी किया जाए।

उन्होंने चारधाम यात्रा मार्गो में समुचित मात्रा में टॉयलेट विशेषकर महिला टॉयलेट एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए मार्ग में ऑडियो संदेश के माध्यम से लगातार हेल्थ एडवाइजरी एवं अन्य जानकारियों का प्रसारण किया जाए।

मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को यात्रा मार्ग में जाम की समस्या को दूर करने और कंजेशन को कम करने के लिए मालवाहक वाहनों को रात्रि के 10 बजे से प्रातः 4 बजे तक के प्रतिबंधित समय में भी संचालन की अनुमति दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि रात्रि को चलने वाले मालवाहक वाहनों के चालकों और परिचालकों की जगह–जगह पर चौकिंग कर यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि उन्होंने मदिरा आदि का नशा न किया हो और वाहनचालक बहुत लम्बी यात्रा कर थके न हों और लम्बे समय से जागे न हों ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही, यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि कोई मालवाहक वाहनों की आड़ में यात्रियों को लेकर रात्रि में यात्रा न करे।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, सचिव परिवहन अरविन्द सिंह ह्यांकि सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चारधाम यात्रा से सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।



### राज्य आपदा प्रचालन केंद्र कंट्रोल रूम एक्टिवेट

मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा सुव्यवस्थित तरीके से चल सके इसके लिए राज्य आपदा प्रचालन केंद्र कंट्रोल रूम को एक्टिवेट कर दिया गया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जिला आपदा परिचालन केंद्रों को भी एक्टिवेट करते हुए चारधाम यात्रा से सम्बन्धित सभी जानकारियां साझा करने हेतु आपदा परिचालन केंद्रों को चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम के रूप में प्रयोग करने के निर्देश दिए।

### खामियों की खबरों से नाराज एनडीएमए

एनडीएमए के सदस्य राजेंद्र सिंह ने चारधाम यात्रा में अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यात्रियों के पंजीकरण नहीं हो पा रहे हैं। चारधाम मार्ग पर यात्रियों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। यात्रियों से एक पानी की बोतल के लिए 100 रुपये तक लिए जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि चारधाम यात्रा की व्यवस्था भगवान के भरोसे चल रही है। एनडीएमए के सदस्य और भारतीय तटरक्षक बल के पूर्व महानिदेशक राजेंद्र सिंह ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सोशल मीडिया और अखबार चारधाम यात्रा व्यवस्था की खामियों की खबरों से भरे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कटड़ा से जम्मू आ रही बस में धमाके के बाद लगी आग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। कटड़ा से जम्मू जा रही यात्रियों से भरी चलती बस में नोमाई के पास अचानक धमाका हुआ और उसमें आग लग गई। इस भीषण हादसे में एक मासूम समेत चार यात्रियों की झुलस कर मौत हो गई है। जबकि 22 यात्री झुलसने से जख्मी हो गए हैं। इनमें से चौदह को कटड़ा के नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी का इलाज कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में चल रहा है। घटनास्थल से अस्पताल तक अफरातफरी मची हुई है।

### कश्मीरी पंडित राहुल बट के हत्यारों को सेना ने मार गिराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को एनकाउंटर के दौरान लश्कर–ए–तैयबा के दो आतंकवादियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों में एक ने हाल ही में कश्मीर में घुसपैठ की थी।

# सुको पहुंचा ज्ञानवापी मस्जिद का मामला

## सर्वे पर रोक की मांग, कोर्ट ने कहा- पहले केस की फाइल देखेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सर्वे पर रोक के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता ने शुक्रवार को अदालत में इस केस का जिक्र किया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मामले पर जल्दी सुनवाई और यथास्थिति कायम रखने का आदेश देने की मांग की। हालांकि, कोर्ट ने तत्काल कोई आदेश देने से इन्कार किया। कोर्ट ने कहा कि वे पहले केस की फाइल देखेंगे।

**कोर्ट ने दिया है कमीशन कार्यवाही का आदेशः** बता दें कि सिविल जज रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक कमीशन कार्यवाही का आदेश दिया है। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से निष्पक्ष न होने का आरोप लगाते हुए एडवोकेट कमिश्नर बदलने की अपील की गई थी। चार दिन तक चली सुनवाई के बाद उनकी अपील खारिज कर दी गई और कमीशन की कार्यवाही को पूरा कराने का आदेश दिया। गुरुवार को एडवोकेट कमिश्वर बदलने की मांग भी खारिज कर दी गई। स्घपष्ट किया गया कि अजय कुमार मिश्रा एडवोकेट कमिश्नर बने रहेंगे। उन्हें 17 मई तक कोर्ट में पूरी कार्यवाही की रिपोर्ट सबमिट करनी होगी।

बनारस ज्ञानवापी मस्जिद सर्वे मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट। याचिकाकर्ता ने केस का जिक्र करते हुए कोर्ट से मामले पर जल्दी सुनवाई और यथास्थित कायम रखने का आदेश देने की मांग की। कोर्ट ने तत्काल कोई आदेश देने से इनकार किया। कोर्ट कहा वे पहले केस की फाइल देखेंगे। ज्ञानवापी मस्जिद केस में फैसला सुनाने वाले जज रवि कुमार दिवाकर ने अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। डर इतना है कि अपनी व परिवार की सुरक्षा की चिंता बनी रहती है।

### ताला तुड़वाएं या खुलवाएं

अदालत ने स्पष्ट आदेश में कहा है कि यदि किसी स्थान पर अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो उसे जिला प्रशासन दूर करेगा। जिला प्रशासन को अधिकार पूरा होगा कि ताला खुलवाकर या तुड़वाकर कमीशन की कार्रवाई पूरी कराएं। इस दौरान बाधा बनने वालों पर विधिक कार्रवाई करें और मुकदमा भी दर्ज करवाएं।

# वीआईपी दर्शन की व्यवस्था को करें समाप्त

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को सुव्यवस्थित और नियमानुसार यात्रा संचालन के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने चारों धामों में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था को समाप्त करते हुए एक समान व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस विभाग नियमों का कड़ाई से पालन करें और अतिरिक्त सावधानी बरते।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा को लेकर सरकार लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। बीते 2 सालों में कोविड संक्रमण के कारण यात्रा नहीं चल पाई है ऐसे में इस बार यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा हमारी चुनौती है लेकिन सरकार इसे सुव्यवस्थित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बीते कुछ समय में चार धाम यात्रा में जितनी भी कैजुअल्टीज हुई हैं वह यात्रा में अव्यवस्था एवं भगदड़ मचने से नहीं बल्कि अन्य स्वास्थ्यगत कारणों से हुई है। मुख्यमंत्री ने चार धाम यात्रा पर आने वाले नौजवानों से अनुरोध करते हुए कहा है कि नौजवान पहले बुजुर्ग एवं महिलाओं को दर्शन करने का मौका दें।

### निर्देश



■पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को नियमानुसार यात्रा संचालन के निर्देश

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# बारिश को लेकर प्रशासन की कोई तैयारी नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बागेश्वर। जिले में बारिश में जलभराव व नालियों के चोक होने को लेकर कोई तैयारी नहीं की गई है। अभी बारिश शुरू भी नहीं हुई कि सड़कों पर पानी भरने लगा है। बीते रोज हुई बारिश से सड़कों पर भारी मात्रा में मलबा आ गया है। सरयू नदी मटमैली होने से पेयजल की दिक्कत हो गई है।

### सरयू नदी मटमैली होने से पेयजल की हुई दिक्कत

जिले में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ है। बीते गुरुवार की रातभर जिले में बारिश होते रही। सबसे अधिक बारिश गरुड़ ब्लाक में 33 एमएम रिकार्ड की गई। कपकोट में 27.50 जबकि बागेश्वर में 17.50 एमएम बारिश हुई है। बारिश के कारण जिला मुख्यालय के कई घरों में पानी घुस गया।

सैंज में लोग परेशान रहे। लोगों का कहना है कि सड़क में एनएच ने नाली निर्माण किया और निकासी उनके क्षेत्र की ओर कर दी। इससे परेशानी बढ़ गई है। जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। वहीं नव निर्मित सड़कों का यदि समय पर रखरखाव नहीं किया तो यह सड़कें बारिश के दिनों दहशत पैदा कर सकती है।